>

Title: Regarding missing of Chief Officer of Aryan, Tycoon Tanker Limited near Oman.

श्री सतपाल महाराज : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से इस सदन का ध्यान उत्तराखंड के कोटद्वार के रहने वाले श्री मुकेश आर्य की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। श्री मुकेश आर्य टायकॉन टैंकर लिमिटेड के जहाज पर चीफ आफीसर के पद पर कार्यरत थे और उनका जहाज समुद्र के रास्ते इंडोनेशिया से लीबिया जा रहा था। दिनांक 10 मई, 2012 को सायं 4 बजे ओमान के दक्षिण से श्री मुकेश आर्य गायब हो गए और अभी तक उनका कोई पता नहीं है। उनके गायब होने की खबर के बाद कोटद्वार की जनता में भी बहुत रोष है और वह उनके शीघ्र ढूंढे जाने के लिए धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह श्री मुकेश आर्य को शीघ्र ढूंढने के लिए हर संभव प्रयास करे।